**अपराध** रंगनाथ थाना क्षेत्र के बरगवां में एक दर्जन युवकों ने किया चाकू से हमला, क्षेत्र में दहशत

# फिर हुई चाकूबाजी, चार युवक घायल



**नवभारत, कटनी।** शहर में लगातार बढ़ रही चाकूबाजी की वारदातों से दहशत का महौल है। बदमाश और अपराधिक प्रवत्ति के आसामाजिक तत्व आए दिन चाकू से हमला कर लोगों को घायल कर रहे हैं, यहां तक की मौत के घाट तक उतार रहे हैं, बावजूद इसके पुलिस ऐसी ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, जिसके आधार पर शहर में हो रही चाकू बाजी की वारदात पर रोक लगाई जा सके। दो दिन पहले की एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी, इस वारदात का दहशत महौल अभी खत्म भी नहीं हुआ था, इस बीच फिर से युवकों पर चाकू से हमला कर दिया गया। चाकू के हमले में दो सगे भाईयों सहित चार युवक घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बरगवां निवासी सोनू और मोनू अपने घर के पास एक अंडे के ठेले पर खड़े थे। तभी शराब के नशे में धुत 10 से 12 युवकों का एक झुंड वहां पहुंचा और गाली-गलौच करने लगा। जब सोनू और मोनू ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने उन पर चाकुओं से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए दो अन्य युवक भी इस हमले में गंभीर घायल हो गए। वारदात के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वारदात की सूचना मिलते ही रंगनाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराया और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर पुलिस के प्रति रोष है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चाकू बाजी से दहशत का महौल है। अपराधिक प्रवत्ति के लोगों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है। बदमाशों बैखौफ चाकू से हमला कर शहर में आतंक का पर्याय बने हुए हैं। इन वारदातों से पुलिस के वजूद पर भी संकट मंडरा रहा है।

## पटवारी को किया निलंबित

**नवभारत, कटनी।** नक्शा बटांकन और सीमांकन कार्य के लिए रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बहोरीबंद अनुभाग के अंतर्गत तहसील स्लीमनाबाद के ग्राम धरवारा में पदस्थ हल्का पटवारी महेन्द्र मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की यह कार्रवाई तहसीलदार स्लीमनाबाद के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। हाल ही में तहसील स्लीमनाबाद के ग्राम धरवारा में पदस्थ हल्का पटवारी का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें हल्का पटवारी के द्वारा किसान बारेलाल से नक्शा बटांकन, सीमांकन कार्य के लिए पैसे की मांग करते और पैसा प्राप्त करते दिखाया जा रहा है। वायरल वीडियो में हल्का पटवारी द्वारा राशि की मांग किया जाना प्रथम दृष्टया दृष्टिगत होने के बाद हल्का पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिसके बाद प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं था, जिसके बाद निलंबन किया गया है।



# बिजली की तार की चपेट में आने से तीन चीतलों की मौत

**वन विभाग ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**नवभारत, कटनी।** जिले के छपरा गांव में वन्य जीवों के शिकार के लिए बिछाई गई बिजली के तारों की चपेट में आने से तीन चीतलों की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और वन्य जीवों का शिकार करने के उद्देश्य बिछाई गए बिजली के तार के आरोप में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आरोप है कि युवकों ने गांव के पास से गुजर रही 33 केवी की हाई-टेंशन लाइन से अवैध रूप से बिजली का कनेक्शन लिया था। उन्होंने खेतों में नंगे तार फैला दिए थे ताकि जंगली जानवरों का शिकार किया जा सके। बीती 10 मार्च की रात जब तीन चीतल वहां से गुजर रहे थे, तो वे इन तारों की चपेट में आ गए और करंट लगने से मौके पर ही उनकी जान चली गई। इस पूरी घटना का पता तब चला जब बिजली की लाइन में अचानक फॉल्ट हो गया। बिजली विभाग की टीम जब सुधार के लिए पहुंची, तो उन्हें वहां करंट से मरे हुए जंगली जानवर मिले। इसके बाद तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। वन अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू की।

घटना स्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर छपरा गांव के निवासी अजय बर्मन और संसारपुर गांव निवासी राकेश बर्मन को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद आरोपियों वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर में

### जिले के 52 हजार 951 किसानों ने कराया पंजीयन

**नवभारत, कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। 7 फरवरी से शुरू हुए पंजीयन प्रक्रिया में जिले के 52 हजार 951 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 55 पंजीयन केंद्र बनाए गए थे। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए तहसील बहोरीबंद में 10 हजार 826, ढीमरखेड़ा में 9 हजार 748 और विजयराघवगढ़ में 6 हजार 780 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी प्रकार तहसील रीठी में 5 हजार 411, बड़वारा में 5 हजार 43 और बरही में 4 हजार 87 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा तहसील कटनी नगर में 2 हजार 951 व कटनी में 2 हजार 778 किसनों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में समर्थन मूल्य पर 23 मार्च से गेहूं की खरीदी शुरू होगी। इस वर्ष 2 हजार 625 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर किसानों से गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रूपए अधिक है। वहीं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 40 रूपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

### 58 हजार 7 सौ किसानों को 1165 करोड़ का भुगतान

**नवभारत, कटनी।** विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान उपार्जन में जिले के 58 हजार 700 किसानों को 1165 करोड़ 35 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। धान उपार्जन की प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 20 जनवरी 2026 तक चली। जिले में कुल 4 लाख 94 हजार 46 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई।

# अचानक सड़क पर गिरा परीक्षा देने जा रहा छात्र, हुई मौत

**अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने घोषित किया मृत**



**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत बुधवार सुबह कक्षा छठवीं की वार्षिक परीक्षा देने स्कूल जा रहे एक छात्र अचानक रास्ते की रास्ते में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अटारियों गांव निवासी लवकुश पिता कमलेश कोल (13) बुधवार सुबह वार्षिक परीक्षा में शामिल होने के लिए घर से निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अटारिया और बिजौरी गांवों के बीच उसे अचानक मिर्गी के तेज दौरे पड़े और वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। राहगीरों ने बालक को तड़पते देख तत्काल उसके पिता को सूचित किया। पिता कमलेश कोल ने बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे, तो लवकुश के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उसे आनन-फानन में बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लवकुश को बचपन से ही मिर्गी के दौरे आने की समस्या थी, जिसके लिए उसका नियमित इलाज भी चल रहा था। बुधवार को वह परीक्षा देने के लिए स्कूल जा रहा था। इसी बीच उसे मिर्गी के दौरे आ गए। जिसके कारण वह रास्ते में ही गिर गया। डॉक्टरों ने बताया कि जब छात्र को अस्पताल लाया गया, तब तक उसकी मृत्यू हो चुकी थी।

# सिर्फ शिकायत प्राप्त करना उद्देश्य नहीं, स्थाई समाधान है प्राथमिकता

**महापौर ने नगर निगम में की जनसनुवाई, निराकरण के निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी को बताई। जनसुनवाई में काफी संख्या में लोग शामिल हुए और नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, पेंशन, राजस्व से जुड़े मामलों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर ने सभी शिकायतों को गंभीरता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। आयोजित जनसुनवाई में 43 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि नगर निगम का उद्देश्य सिर्फ शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ लेते हुए उन पर संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण करे, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को अपनी बात रखने का सीधा मंच मिलता है, जिससे नगर निगम को भी शहर की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने में मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम प्रशासन शहरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता रहेगा। जनसनुवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्या का समाधान किया गया।

# वर्षों से अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए पूरा

**कलेक्टर ने की खनिज प्रतिष्ठान मद के कार्यों की समीक्षा**




**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधूरे कार्यों को समय-सीमा में पूरा कर संबंधित निर्माण एजेंसियों को कार्य का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कहा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागवार प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत 253 कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें से 92 कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन कार्यों में अतिक्रमण की समस्या है, वहां तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही जो कार्य पूरे हो गए हैं, उनके कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र जल्द जारी किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जो कार्य कई वर्षों से अधूरे हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा 46, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 22, लोक निर्माण विभाग द्वारा 1, जल संसाधन विभाग द्वारा 5, नगर निगम, जिला शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश पुलिस आवास, अधोसंरचना विकास निगम भोपाल, शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ, जनभागीदारी समित, शासकीय महाविद्यालय बरही, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारी दुग्ध समिति सांची, नगर परिषद बरही, और परियोजना क्रियान्वयन ईकाई कटनी के अंतर्गत 1-1 निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जबकि अन्य विभागों में 10 कार्य निर्माणाधीन है।

# नकल का अड्डा बना सरकारी स्कूल, कार्रवाई की मांग

**स्कूल के शिक्षकों पर ही नकल कराए जाने का आरोप**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान क्षेत्र के खम्हरिया बागरी सरकारी स्कूल में परीक्षा के दौरान खुलेआम नकल कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि स्कूल में परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है और कुछ शिक्षकों की मिलीभगत से छात्रों को नकल कराई जा रही है। इतना ही नहीं, आरोप है कि एक मैडम स्वयं विद्यार्थियों को उत्तर बताकर नकल कराने में सहयोग कर रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार बोर्ड और वार्षिक परीक्षाओं के दौरान विद्यालय में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। कक्षाओं में छात्रों के पास किताबें और पर्चियां खुलेआम रखी रहती हैं और शिक्षक भी इस पर कोई रोक नहीं लगा रहे। कई अभिभावकों का कहना है कि जब उन्होंने इस मामले की जानकारी ली तो पता चला कि परीक्षा के दौरान नकल को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह की लापरवाही से न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था की साख पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि मेहनत करने वाले छात्रों के साथ भी अन्याय हो रहा है। जिला प्रशासन से मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो वे कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब परीक्षा केंद्रों पर इतनी बड़ी लापरवाही हो रही है तो जिम्मेदार अधिकारी आखिर मौन क्यों हैं। अब सबकी निगाहें जिला कलेक्टर और शिक्षा विभाग पर टिकी हैं कि क्या वे इस गंभीर मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे या फिर मामला यूं ही दबा दिया जाएगा।

# पीड़ित मानवता की सेवा ही रेडक्रॉस का मूल मंत्र

**रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंधकारिणी की बैठक**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट चेयरमैन सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ श्याम सिंह कुमरे उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ कुमरे ने कहा कि रेडक्रॉस का मूल मंत्र पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा है। उन्होने जिला शाखा द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे सेवा कार्यों में सदैव तत्पर रहने वाली इकाई बैठक के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं और योगदान के लिए पूर्व सचिव डॉ यशवंत वर्मा और पूर्व राज्य कार्यकारिणी प्रतिनिधि पवन बजाज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उनके कार्यों को अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणादायी बताया। बैठक में चेयरमैन सहित पदाधिकारी औरसदस्य उपस्थित रहे।

## बरही में कृषि विज्ञान मेला और प्रदर्शनी 14 को

**नवभारत, कटनी।** बरही नगर परिषद के मेला ग्राउंड में शनिवार 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ मोहन के यादव के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसान कल्याण कृषि विकास, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन डेयरी विकास विभाग, महिला बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सहित अन्य विभागों कार्यक्रम में प्रदर्शन स्टॉल लगाने के निर्देश दिए गए हैं।






**निरीक्षण** नगर निगम आयुक्त द्वारा वार्डों में भ्रमण कर लिया गया साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा

# दुकानों के सामने रखें डस्टबिन, इधर-उधर नहीं फैलाएं कचरा, शहर को बनाए स्वच्छ



**नवभारत, कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम द्वारा दो शिफ्ट में शहर की साफ-सफाई कराई जा रही है। सफाई व्यवस्था की अधिकारियों द्वारा मॉनीटरिंग भी की जा रही है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए वार्डों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान उन्होने साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त द्वारा वंश स्वरूप वार्ड के बरगवां मुख्य मार्गो, चंदी की दफाई सहित वार्ड की अन्य बस्तियों और मार्गो का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समुचित सफाई व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। चंदी की दफाई बस्ती के निरीक्षण के दौरान चौराहे के पास नालियां खुली पाए जाने पर सुरक्षा की दृष्टि से नालियों की कवरिंग कराने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों से चर्चा कर वार्ड की सफाई व्यवस्था, स्वच्छता मित्रों के कार्य में आने का समय आदि की जानकारी ली। स्थानीय लोगों और दुकान संचालक से अपने घरों, प्रतिष्ठानों के सामने डस्टबिन रखने, कचरा इधर-उधर नहीं फैलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी नागरिक नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय सहभागिता करें। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थलों पर गंदगी पाए जाने पर निगमायुक्त ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि स्वच्छता नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई कर्मियों को नियमित रूप से वार्डों में सफाई करने, कचरे का समय पर उठाव करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाए। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, प्रभारी हैड दरोगा तेजभान सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।





